आईनॉक्स विंड के आईपीओ को 18 गुना अभिदान

बीएस संवाददाता
मुंबई, 20 मार्च

आईनॉक्स विंड के 1,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को 18 गुना अभिदान मिला है और इस तरह से हालिया आईपीओ पर निवेशकों की सुस्त प्रतिक्रिया का रुख पलट गया। गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स की तरफ से प्रवर्तित इस कंपनी ने 232 लाख शेयर बेचने की पेशकश की थी, जिसे 43 करोड़ शेयरों की बोली मिली यानी करीब 14,000 करोड़ रुपये की बोली। यह हाल में पेश एडलैब्स एंटरटेनमेंट व ओरटेल कम्युनिकेशंस के आईपीओ के उलट है, जिसे मुश्किल से आवेदन मिल पाया था।

संस्थागत व धनाड्यों की श्रेणी में आईनॉक्स के शेयर की मांग सबसे ज्यादा रही और इसे 35-35 गुना अभिदान मिला।

इस कंपनी ने 232 लाख शेयर बेचने की पेशकश की थी, जिसे 43 करोड़ शेयरों की बोली मिली यानी करीब 14,000 करोड़ रुपये की बोली

खुदरा श्रेणी में महज दो गुना आवेदन मिला, बावजूद इसके कि कंपनी ने 2 लाख रुपये तक निवेश करने वाले खुदरा निवेशकों को 15 रुपये प्रति शेयर की अतिरिक्त छूट की पेशकस की थी।

ऐक्सिस कैपिटल, डीएसपी मेरिल लिंच और एडलवाइस फाइनैंशियल सर्विसेज ने आईनॉक्स के आईपीओ का प्रबंधन किया। इस पेशकश में 700 करोड़ रुपये के नए शेयर हैं जबकि 300 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री गुजरात फ्लूरो कर रही है।

ज्यादातर ब्रोकिंग फर्म मसलन मोतीलाल ओसवाल, आईसीआईसीआई डायरेक्ट और एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने अपने क्लाइंटों को इस आईपीओ में भागीदारी की सलाह दी थी।

मोतीलाल ओसवाल ने एक रिपोर्ट में कहा, हमारा मानना है कि आईनॉक्स विंड टर्बाइन जेनरेटर की बिक्री वित्त वर्ष 2014 के 330 मेगावॉट से बढ़कर वित्त वर्ष 2015 में 600 मेगावॉट जबकि वित्त वर्ष 2016 में 1-1.2 गीगावॉट पर पहुंच जाएगी। ओऐंडएम कारोबार में भी अच्छी बढ़त की संभावना है। अक्षय ऊर्जा पर सरकारी जोर इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा।

बैंकरों ने कहा कि ग्रे मार्केट में आईनॉक्स का शेयर आकर्षक प्रीमियम पर बिक रहा है और इन चीजों ने खास तौर से एचएनआई की तरफ मांग बढ़ाने में योगदान किया।